# **प्रेस नोट**

**सराहनीय कार्य कानपुर देहात**

**दिनाँक- 04.10.2025**

- **आवेदक को साइबर ठग द्वारा शिकायतकर्ता का अध्यापक बनकर फोन करना व स्वयं के परेशानी में होने की बात कहकर 25,000/- ट्रांसफर करा लिये गये थे ।**
- **थाना शिवली पुलिस (साइबर हेल्प डेस्क) द्वारा कार्यवाही करते हुए शिकायतकर्ता के खाते में शत प्रतिशत धनराशि ₹ 25,000/- वापस करायी गयी।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात पुलिस द्वारा अपराध निवारण की दिशा में साइबर क्राइम से सम्बन्धित घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, शिकायतकर्ता श्री लवकुश पुत्र स्व0 सहदेव निवासी भेवान थाना शिवली जनपद कानपुर देहात के पास साइबर ठग द्वारा शिकायतकर्ता का अध्यापक बनकर फोन करना व बताना कि मैं किसी परेशानी में हूँ, जल्दी मेरे खाते में 25,000/- ट्रांसफर कर दो । साइबर ठग द्वारा आवेदक से 25,000/- रूपये ट्रांसफर करवाकर साइबर धोखाधडी की गयी थी। जिसके संबंध में आवेदक/शिकायतकर्ता द्वारा 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज करायी। जिस पर त्वरित जांच एवं कार्यवाही करते हुए थाना शिवली पुलिस (साइबर सेल हेल्प डेस्क) द्वारा शिकायतकर्ता के खाते में शत प्रतिशत धनराशि 25,000/- रूपये वापस करायी गयी। पुलिस की त्वरित कार्यवाही से शिकायतकर्ता ने जनपद कानपुर देहात पुलिस का धन्यवाद दिया ।

**खाते से धोखाधड़ी से पैसा निकलने की दशा में तुरंत 1930 पर कॉल करें या www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करें ।**

**वापस करायी गयी धनराशि-**

₹ 25,000/-

**धनराशि वापस कराने वाली टीम-**

थाना शिवली पुलिस